# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (13.06.2025)

**DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:13.06.25 PAGE-07**

### समर्थ पोर्टल के लिए कालेजों में होंगे नोडल पदाधिकारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरएबीयू के सभी अंगीभूत, संबद्ध, बीएड, आयुर्वेदिक, यूनानी व होम्योपैथी कालेजों में समर्थ पोर्टल के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह की ओर से भेजे गए पत्र के बाद विश्वविद्यालय ने सभी कालेजों को 13 जून तक हर हाल में नोडल पदाधिकारी नामित कर सूचना देने को कहा है। कुलसचिव प्रो.संजय कुमार ने गुरुवार को सभी कालेज के प्राचार्य को पत्र भेजा है। बता दें कि अब विश्वविद्यालय में नामांकन से लेकर रजिस्ट्रेशन, परीक्षाओं का शेड्यूल व परिणाम, पोर्टल के माध्यम से जारी होगा। पोर्टल पर ही सभी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पोर्टल पर मांगी जाने वाली जानकारियां नोडल पदाधिकारी के माध्यम से अपलोड होनी हैं।

**कालेजों में 21 को होगा योग शिविर का आयोजन :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को अंगीभूत व संबद्ध कालेजों में योग शिविर लगेगा। कुलाधिपति सह राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालय और कालेजों में योग शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर योग शिविर आयोजित करने को कहा है।

**DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:13.06.25 PAGE-07**

### पीएचडी के लिए आए तीन हजार से अधिक आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से अगले महीने आयोजित होने वाले पीएचडी एडमिशन टेस्ट के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि समाप्त हो गई है। गुरुवार की शाम तक पोर्टल पर 2023 सत्र के लिए 2208 व 2024 सत्र के लिए 1097 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जुलाई में दोनों सत्रों के लिए एक साथ पीएचडी एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। टेस्ट से ठीक एक सप्ताह पूर्व इसके लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाने की संभावना है। बता दें कि 2023 सत्र के लिए पिछले वर्ष से ही आवेदन लिया जा रहा है। विलंब हो जाने के कारण 2024 सत्र को भी इसी के साथ जोड़ दिया गया है।

**आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया खत्म लेकिन जारी नहीं हुई रिक्ति :** पीएचडी के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि समाप्त हो गई, लेकिन विश्वविद्यालय ने अबतक रिक्ति जारी नहीं किया है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया था कि इसबार उन्हीं विषयों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट होगा जिसमें सीटें रिक्त होंगी। इसके लिए विषयवार रिक्त सीटों की संख्या वेबसाइट पर अपडेट करना था। लेकिन अब तक अपलोड नहीं हो सका। रिक्त सीट स्पष्ट नहीं होने की वजह बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन नहीं किया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:13.06.2025, PAGE-04

## परीक्षा बोर्ड. कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

# 10 साल के बाद आयुर्वेद के 65 छात्रों की सशर्त ली जायेगी परीक्षा

- कॉपी बदल जाने व अन्य मुद्दों पर नहीं बन सकी सहमति
- बोर्ड ने कहा- कॉपियों के पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी. इसमें करीब एक दर्जन एजेंडे पर चर्चा की गयी. करीब 10 वर्ष पूर्व आयुर्वेद कॉलेज में दाखिला लेने के बाद कॉलेज की मान्यता समाप्त होने और परीक्षा से अभ्यर्थियों के वंचित होने के मामले में कोर्ट के निर्णय को बैठक में रखा गया.

सशर्त इस एजेंडे को स्वीकृति दी गयी. कहा गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में इस कॉलेज के 65 छात्रों की परीक्षा ली जाएगी. इसको लेकर नियम और शर्तें तैयार की जाएंगी. इसके साथ ही आधा दर्जन मामलों को परीक्षा बोर्ड से अस्वीकृत कर दिया गया.

कई विद्यार्थियों ने परिणाम जारी होने के बाद प्राप्त अंक पर असंतोष व्यक्त किया था. इन मुद्दों को बोर्ड ने अस्वीकृत कर दिया है. कहा गया कि कॉपियों के पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है. कुछ विद्यार्थियों की कॉपी मिसिंग हो गयी थी. इस कारण उनका परिणाम पेंडिंग था. कहा गया कि यदि विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए हों और इसका साक्ष्य व मेमो हो तो औसत अंक देकर उनका परिणाम जारी किया जा सकता है.

महिमा चौधरी और राहुल कुमार शर्मा की कॉपी बदले जाने के मामले पर चर्चा के बाद यह बात सामने आयी कि कॉपी नहीं बदली गयी है. ऐसे में उनके दावे को भी निरस्त कर दिया गया है. कुछ विद्यार्थियों का परिणाम प्रथम सेमेस्टर का अंक नहीं चढ़ने के कारण पेंडिंग था. उनका अंक जोड़कर परिणाम जारी करने का निर्णय लिया गया. बैठक में सोशल साइंस की डीन डॉ संगीता रानी, मानविकी के डीन डॉ सतीश कुमार राय, कॉमर्स के डीन डॉ सय्यद आले मुज्तबा, साइंस के डीन डॉ शिवानंद सिंह, प्रॉक्टर प्रो.बीएस राय, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ टीके डे, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ ही परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान मौजूद थे.

## पीएचडी के लिए तीन हजार से अधिक आवेदन

- सत्र 2023 के लिए 22 सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने किया आवेदन, 2024 सत्र के लिए भी आंकड़ा एक हजार के पार

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से अगले महीने आयोजित होने वाले पीएचडी एडमिशन टेस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है.



गुरुवार की शाम तक पोर्टल पर 2023 सत्र के लिए 2208 व 2024 सत्र के लिए 1097 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था.

विवि की ओर से कहा गया है कि जुलाई में दोनों सत्रों के लिए एक साथ पीएचडी एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जाएगा. टेस्ट से ठीक एक सप्ताह पूर्व इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा. आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जा सकते हैं. बता दें कि 2023 सत्र के लिए पिछले वर्ष से ही आवेदन लिया जा रहा है. विलंब हो जाने के कारण 2024 सत्र को भी इसी के साथ जोड़ दिया गया है. हालांकि, अभ्यर्थी दोनों सत्रों की परीक्षा अलग-अलग आयोजित करने की मांग कर रहे हैं.

### तिथि समाप्त हुई पर जारी नहीं की रिक्ति

पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि समाप्त हो गयी, लेकिन विश्वविद्यालय ने अबतक रिक्ति जारी नहीं की. विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया था कि इसबार उन्हीं विषयों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट होगा जिसमे सीटें रिक्त होंगी. इसके लिए विभागवार रिक्त सीटों की संख्या वेबसाइट पर अपडेट करना था. 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन लिया गया. बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने इस कारण आवेदन नहीं किया कि संबंधित विषय में रिक्ति है या नहीं यह स्पष्ट ही नहीं था.

- यह खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन करें

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR**
**MUZAFFARPUR**
**DATE: 13.06.2025**
**PAGE-04**


# समर्थ पोर्टल के लिए सभी कॉलेजों में होंगे नोडल पदाधिकारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के सभी अंगीभूत, संबद्ध, बीएड, आयुर्वेदिक, यूनानी व होम्योपैथी कॉलेजों में समर्थ पोर्टल के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किए जाएंगे. उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह की ओर से भेजे गए पत्र के बाद विवि ने सभी कॉलेजों को 13 जून तक हर हाल में नोडल पदाधिकारी नामित कर सूचना देने को कहा है. विवि के कुलसचिव प्रो.संजय कुमार ने इसको लेकर गुरुवार को सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजा है. अब विवि में नामांकन से लेकर रजिस्ट्रेशन, परीक्षाओं का शेड्यूल और परिणाम तक अब इसी पोर्टल के माध्यम से जारी किया जाना है. भारत सरकार की ओर से विकसित इस पोर्टल पर ही सभी गतिविधियां होंगी. ऐसे में विवि के साथ-साथ कॉलजों की भी भूमिका होगी. नोडल पदाधिकारी के माध्यम से कॉलेजों से समन्वय किया जाएगा. पोर्टल पर मांगी जाने वाली जानकारियां नोडल पदाधिकारी के माध्यम से अपलोड करायी जाएंगी.